## पांच सौ रुपए के लिए क्रूरता: दोस्त को नंगाकर बेरहमी से पीटा, दूसरे दोस्त बनाते रहे वीडियो

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** 500 रुपए के लिए दोस्त के साथ क्रूरता का वीडियो सामने आया है। दोस्त द्वारा 500 रुपए वापस न देने पर उसे बंधक बनाया। उसके कपड़े उतारकर उसे बुरी तरह से पीटा। एक दोस्त मारता रहा, जबकि अन्य दोस्त वीडियो बनाते रहे। पीड़ित हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो सदर के सेवला जाट क्षेत्र का बताया गया है। आरोप है कि बादल नाम के युवक ने अपने दोस्त आकाश से 500 रुपए लिए थे। उसके द्वारा रुपए वापस न करने पर आकाश ने उसे बंधक बना लिया। अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसको नंगा कर दिया। इसके बाद डंडे से उसकी पिटाई लगाई। पीड़ित युवक हाथ जोड़कर बचने की गुहार लगाता रहा। मगर, वो डंडे से पीटता रहा। अन्य युवक उसकी पिटाई का वीडियो बनाते रहे। अब सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो **15 मार्च का बताया जा रहा है।**

इस संबंध में युवक की मां ने थाना सदर में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइबर अपराधियों ने 51 लाख ठगे : शेयर में मुनाफा दिलाने के नाम पर फंसाया, युवक ने कर्जा लेकर लगाई रकम

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** शेयर ट्रेडिंग में लाखों रुपए का मुनाफा दिलाने के नाम पर युवक के साथ 51 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। युवक ने लालच में आकर अपनी जमा पूंजी और कर्जा लेकर रकम लगा दी। अब साइबर सेल ठगी की जांच कर रही है। कमलानगर डी ब्लाक के रवि कुमार ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले उन्हें चेसिंग ड्रीम्स 485 नाम के व्हाटसएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप में शेयर मार्केट और ट्रेडिंग की जानकारी देने की बात कही गई। ग्रुप में रोजाना किसी कंपनी के शेयर खरीदने को कहा जाता था। शेयर खरीदने पर 50 से 150 गुना तक मुनाफे का लालच दिया जाता था। ग्रुप के अन्य सदस्य हर दिन लाखों रुपए का लाभ होने के स्क्रीन शाट पोस्ट करते थे। उन्होंने भी एंजल वन ट्रेडिंग कंपनी नाम से खाता खुलवाया। साइबर अपराधियों ने इसके बाद लाखों रुपये उनसे खातों में जमा कराए। यहां तक कि उन्होंने बैंक से लोन लेकर भी शेयर खरीद डाले। अब पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## अग्रवाल डायरेक्टरी का दसवां संस्करण का विमोचन संपन्न



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** हजारों अग्रबंधुओ को एक सूत्र में पिरोने की एक पल को सेल्फी रेस्टोरेंट आवास विकास आगरा में महाराजा अग्रसेन महासभा के तत्वावधान में अग्रवाल डायरेक्टरी दसवां संस्करण का विमोचन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चंद्र गर्ग तपन ग्रुप, एवं कार्यक्रम का संचालन चंचल बंसल और अध्यक्षता विकास मोहन बंसल ने की आगरा और देहात क्षेत्र के लगभग 3100 अग्रबंधुओं के परिवार का विस्तृत ब्यौरा लगभग 550 प्रष्ठ मैं संकलित किए गए यह प्रयास काबिले तारीफ है इससे समाज में आपसी मेल प्रेम के साथ लेनदेन एवं व्यापार का मार्ग आगे बढ़ेगा और समाज मैं मेल प्रेम की भावना बढ़ेगी इस विमोचन में अभिषेक अग्रवाल उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा, राजीव अग्रवाल, रिंकेश अग्रवाल, डॉ अमित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, आर्यन बंसल आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार: क्रिस्टल कॉलोनी में घूम रहा था, सूचना पर पहुंची पुलिस



**आगरा।** मलपुरा पुलिस ने शनिवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई में अवैध तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अकोला निवासी हरीश चाहर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि ग्वालियर हाईवे स्थित क्रिस्टल कॉलोनी में एक युवक तमंचे के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही ककुआ चौकी प्रभारी अमित धामा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।आरोपी को देखते ही वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और जाखोदा गांव के ओवर ब्रिज नहर दक्षिणी बाइपास पर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी मलपुरा पवन कुमार सैनी के अनुसार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में होने वाली संभावित बड़ी घटना को टाला जा सका।

## सड़क दुर्घटना में पीएसी जवान की हुई मौत, राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार



**कुरावली।** बीते शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना के दौरान पीएसी जवान का रविवार की सुबह राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा नगला खुमानी निवासी 28 वर्षीय पीएसी जवान ओमवीर सिंह पुत्र बदन सिंह की शनिवार की सुबह लगभग 10•30 बजे जनपद में ग्राम नगला जुला के निकट उसे समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी जब वह बाइक से तैनाती स्थल इटावा जा रहा था। मृतक जवान का पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया था। रविवार की सुबह मृतक जवान का घर पैतृक गांव नगला खुमानी पहुंचा। जहां बड़े ही गमगीन माहौल मेंपाक 28वीं बटालियन की डी कंपनी के प्लाटून कमांडर महेश सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश नारायण, कांस्टेबल धनवंत सिंह, पुष्पेंद्र, सौरभ, गौरव, ओमजी द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात मृतक जवान का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर धर्मेंद्र चौहान, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय सिंह, विनोद शर्मा, श्री कृष्ण वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## भतीजे के लेफ्टिनेंट बनने पर बुआ फूफा ने जुलूस निकाल कर किया स्वागत



**कुरावली।** नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी बुआ फूफा ने भतीजे के लेफ्टिनेंट बनने पर बैंडबाजों के साथ जुलूस निकालते हुए स्वागत किया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी शिक्षक रजनीकांत दुबे पुत्र धर्म नारायण दुबे की पत्नी अंशु दुबे के सेना में सूबेदार के पद पर तैनात भाई कर्दम कुमार पुत्र सुभाष चंद्र शर्मा निवासी ग्राम भरतोली थाना राजौरी जनपद एटा के पुत्र प्रियम कुमार का बिहार के गया में एसएससी टेक 62 मैं लेफ्टिनेंट पद हेतु चयन होने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार की सुबह नगर की गल्ला मंडी से बैंड बाजा के साथ लेफ्टिनेंट प्रियम कुमार को गली मोहल्ले में घुमाते हुए माल्यार्पण करते हुए भव्य स्वागत किया गया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा भी लेफ्टिनेंट का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अभिलाख सिंह राठौर, अजय दुबे, हरीश दत्त मिश्रा, आदेश पांडे, राजीव गुप्ता, अरविंद गुप्ता,विवेक जैन रोमी, शांति देवी, चंद्रकांत तिवारी, दीपक तिवारी सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कोमल गुप्ता बने वैश्य मेला कमेटी अध्यक्ष



**कुरावली।** नगर के मोहल्ला महाजनान स्थित श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान नितिन गुप्ता को मंदिर कमेटी अध्यक्ष तथा कोमल गुप्ता को वैश्य मेला कमेटी अध्यक्ष चुना गया चुने गए अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मोहल्ला महाजनान स्थित श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से फाल्गुन मास की एकादशी को लगने वाले वैश्य समाज के मेला की कमेटी का चुनाव किया गया। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से नितिन गुप्ता को मंदिर कमेटी अध्यक्ष तथा कोमल गुप्ता को मेला कमेटी अध्यक्ष चुना गया। चुने गए मंदिर कमेटी अध्यक्ष तथा मेला कमेटी अध्यक्ष का वैश्य समाज के लोगों द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर आलोक गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजीव गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अंशु गुप्ता, लाला राजकिशोर गुप्ता, सल्लू गुप्ता, अंकुर गुप्ता, अरविंद गुप्ता,सुभाष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान की हुई मौत

**कुरावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम बसुरा सुल्तानपुर के पूर्व प्रधान की फिरोजाबाद में सड़क दुर्घटना के दौरान मौतहो गई। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को बड़े ही गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। विकासखंड क्षेत्र कुरावली के ग्राम बसुरा सुल्तानपुर निवासी पूर्व प्रधान संजीव संखवार बीते दिवस शनिवार को अपने घर से थ्री व्हीलर टेंपो द्वारा फिरोजाबाद में अपनी रिश्तेदारी की गमी में जा रहे थे द्य जैसे ही टेंपो मक्खनपुर बाईपास हाईवे की तरफ पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी जिससे टेंपो पलट गया जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से घायल संजीव को आगरा ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई द्य पुलिस द्वारा मृतक के सब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।तत्पश्चात मृतक के शव उनके आवास पर लाया गया द्य जहां भारी भीड़ के बीच उनके परिजनों द्वारा दाह संस्कार किया गया द्य इस मौके पर मौजूद जनपद फिरोजाबाद के भाजपा नेता भगवानदास शंखवार कोरी समाज उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम शंखवार श्याम सिंह कोरी हवलदार सहित पवन कुमार मास्टर अशोक कुमार रमेश चंद राजवीर सिंह शेर बहादुर मानिकचंद पूर्व प्रधान नरेश बैंड वाले और धीर सिंह जगदीश सिंह अजय पाल तालेबर सिंह लेखपाल महेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## होली मिलने के बाद घर जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**कुरावली।** होली मिलने के बाद घर जा रहे युवक के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी घटना की रिपोर्ट थाना में दर्जकराई गई। थाना क्षेत्र के ग्राम मिढ़ावली निवासी अमन पुत्र धर्मवीर सिह बीते शनिवार को दूसरे गाँव होली मिलन के पश्चात घर जा रहा था लगभग 7 बजे रास्ते मे हवेली के निकट पुलिया पर बैठे आदित्य पुत्र विपिन, अनमोल पुत्र सालिगराम, मोहित पुत्र राम सिह निवासी मिढावली खुर्द ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपियों ने अमन को लात घूसो और शराब की टूटी बोतल से मारा पीटा, अमन के साथियों ने उसे बचाया। इसके बाद वह शिकायत करने मुकेश पुत्र रोहन लाल के घर गया तो अपनी लाइसेन्सी बन्दूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट थाना में अमन ने दर्ज कराई।

## पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए 22 मार्च तक प्रस्तुत करें आवेदन, मण्डलीय पेंशन अदालत में प्रकरणों की होगी सुनवाई

**अलीगढ़।** आयुक्त, अलीगढ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में 03 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कमिश्नरी सभागार में पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। महिमा चंद अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा मण्डल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पेंशन अदालत में अपने-अपने पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन या प्रकरण कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगराध्अलीगढ मण्डल जिलाधिकारी प्रांगण, एम0जी0 रोड आगरा स्थित कार्यालय में 22 मार्च तक दस्ती रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। पेंशन अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज के साथ ही अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन निदेशालय की वेबसाइट www.Pensiondirectorate.up.nic.in से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने सभी पेंशनर व सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन अदालत के आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया है।

## श्री जैन नवयुवक सभा के होली मिलन समारोह में हुई पुष्पवर्षा, महिला पुरूषों ने किया नृत्य, आशु कवि अनिल बौहरे ने काव्य पाठ कर किया मनोरंजन,

**हाथरस।** श्री जैन नवयुवक सभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जमकर पुष्पवर्षा की गयी। होली के गीतों पर महिला व पुरूषों ने नृत्य भी किया था। बैठक का शुभारम्भ अखिलेश जैन मनीष द्वारा मंगलाचरण करने से हुआ था। हलवाई खाना स्थित श्री महावीर मंदिर चैतालय में करीब पांच घंटे रक्षक माता पद्मावती देवी का चालीसा पाठ बूरे वाले परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया था। जिसमे बडी संख्या में महिला पुरूषों ने शामिल होकर दीप प्रज्जविलत किये थे। हलवाई खाना स्थित संत भवन में होली मिलन समारोह हुआ था। मंचासीन अलीगढ से आये संजय जैन उनकी पत्नी सारिका जैन, आशु कवि अनिल बौहरे, सभासद पति आशीष गोयल, अध्यक्ष उमाशंकर जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर जैन ज्वैलर्स, कमलेश जैन लाल वाले, उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन जीतू, गगन जैन, कोषाध्यक्ष ई.विवेक जैन, मंत्री आशीष जैन मोनू, प्रचार मंत्री ललित जैन, आय व्यय निरीक्षक संजीव जैन लुहाडिया, संरक्षक विजय जैन, सुभाष चंद्र जैन रेडीमेडस का पटका पहनाकर स्वागत किया गया था। अतंराष्टीय आशु कवि अनिल बोहरे ने महिला पुरूषों से तीन शब्द लेकर उन पर कविता बनाकर सभी का मनोरंजन किया था। होली की मस्ती, गीतो व काव्य पाठ के बीच होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया था। इससे पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक जैन द्वारा पिछ्ली मीटिंग में भगवान महावीय जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारियों को लेकर लिये गये निर्णय की विस्तार से जानकारी दी थी। अध्यक्ष उमाशंकर जैन ने बताया कि भगवान महावीर जयंती जन्म कल्याण महोत्सव शोभायात्रा 10 अप्रैल 2025 को धूमधाम से निकली जायेगी। इस बार और अधिक झांकियों को शोभायात्रा में शामिल किया जायेगा। उन्होंने 6 अप्रैल को बाल मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य बनाने के साथ साथ 10 अप्रैल को महावीर जयंती शोभायात्रा हलवाई खाना स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से निकाले जाने की जानकारी दी और बताया कि जन्मकल्याणक शोभायात्रा को इस बार और अधिक भव्य रूप दिया जायेगा। प्रमुख रूप से श्री जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष/वरिष्ठ पत्रकार उमाशंकर जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर जैन ज्वेलर्स, उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन रेडीमेड, कोषाध्यक्ष विवेक जैन, मंत्री आशीष जैन मोनू, उप मंत्री सौरभ जैन रानू, प्रचार मंत्री ललित जैन, आय व्यय निरीक्षक संजीव जैन लुहाड़िया, विजय जैन लुहड़िया, पत्रकार जिनेन्द्र जैन सिम्पल, उमेश चंद्र जैन पप्पू, ऋषभ जैन, डिम्पल जैन, अखिलेश जैन मनीष, शांतम जैन, महेंद्र जैन, अतुल जैन वसुंधरा, तंन्नू जैन, अतुल जैन टैऊजरी, श्वेतांक जैन, सतीश जैन, शैलेन्द्र जैन, जीतू जैन, विवेक जैन, अतुल जैन, अनूप जैन लाल वाले, धीरज जैन सभासद, रवि जैन, राहुल जैन चूरन वाले, नेमिचंद जैन, नितिन जैन, अर्पित जैन, सुनीत जैन सूत वाले, संजीव जैन पिंकी, अनूप जैन सूत वाले, पुलकित जैन, सौरभ जैन अजमेरा, संभव जैन, हर्ष जैन, योगेश जैन, धीरेंद्र जैन, विनोद जैन, सुमित कुमार जैन, सुनील जैन, अरविंद कुमार जैन, अनिल जैन पुराना मिल, अजय कुमार जैन, मनोज जैन, अखिल जैन, प्रदीप जैन, राहुल जैन कम्प्यूटर, मेहुल जैन, हरिवंद जैन लुहाडिया, संजीव जैन अमीन सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश जैन लाल वाले ने किया।

## लेफ्टिनेंट गांव में पहुंचते ही समाजसेवियों ने किया सम्मानित



**किरावली।** तहसील किरावली के गांव पनवारी निवासी सौदान सिंह किसान की बेटा सुनील सिंह लेफ्टिनेंट बनकर एक साल की ट्रेनिंग देकर घर वापस हुआ तो समाजसेवियों को सूचना मिलते ही स्वागत सम्मान के लिए पहुंच कर साफा माला पहनकर स्वागत किया गया वहीं परिवार में खुशी जाहिर करते हुए मां चामुंडा देवी पर 11.5 किलो का पीतल का घंटा व ध्वज अर्पित कर नाच कूद कर जश्न मनाया गया। पिता ने बताया सुनील सिंह सीडीएस परीक्षा पास कर लेफ्टिनेंट की 1 साल की ट्रेनिंग देकर आज घर लौटकर आए तो गांव की सीमा पर पहुंचते ही समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह सुआफा माला पहनकर स्वागत सम्मान किया गया है। वहीं परिवारजनों द्वारा मन्दिर पर घंटा और ध्वज अर्पित कर पर खुशी मनाई जा रही है। इस दौरान अरविंद चाहर अकोला, चौधरी रामेश्वर सिंह ,चौधरी रणधीर सिंह, चौधरी हरिओम सिंह ,चौधरी धर्मवीर सिंह, पंडित हरिओम आदि मौजूद रहे।

## डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर यौन शोषण का आरोप, पुलिस जांच जारी

**हाथरस।** जनपद में एक डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर द्वारा शिक्षा को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोपी प्रोफेसर छात्राओं को परीक्षा में अच्छे नंबर और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनका यौन शोषण करता था। वह अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें धमकाता था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा में आया। पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।पीसी बागला डिग्री कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर और भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष रजनीश पर छात्राओं के यौन शोषण का गंभीर आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर पिछले 20 सालों से छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अंक और सरकारी नौकरी का झांसा देकर उनका शोषण करता आ रहा था। वह छात्राओं के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें धमकाता और बदनाम करने की चेतावनी देता था। हाल ही में आरोपी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद पूरे शहर में इस मामले की चर्चा होने लगी। राष्ट्रीय महिला आयोग और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को इस घटना की शिकायत पत्र के साथ भेजी गई, जिसमें 12 तस्वीरें भी संलग्न थीं। इन तस्वीरों में आरोपी को छात्राओं के साथ अनुचित हरकतें करते हुए देखा गया। इनमें से कुछ तस्वीरें कॉलेज के कार्यालय की बताई जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, जांच में कॉलेज प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने की बात भी सामने आई है। इस घटना ने शिक्षा जगत को हिलाकर रख दिया है और आरोपी को कठोर सजा दिलाने की मांग तेज हो रही है।

## फांसी पर झूला युवक, मैके पर मौत

**हाथरस।** कस्बा के एक मुहल्ला में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के मुहल्ला में एक तीस वर्षीय युवक ने पहले तो होली खेली तभी उसके दिमाग में क्या मामला आया और अपने घर चला गया और घर जाकर कमरे में बंद कर लिया। उधर मृतक की पत्नी भी होली खेलने में व्यस्त होने के कारण किसी को युवक के घर आने का पता नहीं चला। जब पत्नी होली खेलकर घर आई तो कमरे का दरवाजा बंद होने के कारण उसने अंदर झांककर देखा तो युवक फांसी पर लटका था। पति को फांसी पर लटके देखा तो उसकी चीख निकल गई। घर में मची चीख पुकार सुनकर पडौसी एकत्र हो गये। पडौसियों ने दरवाजा खोलकर फांसी पर लटके युवक को नीचे उतारा, और बिना पोस्टमार्टम के ही मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने भी मामले से अनभिज्ञता जाहिर की है। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरी ओर कस्बा में एक महिला ने विषाक्स सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगडने लगी। इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन महिला को चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे उपचार के बाद घर भेज दिया। महिला द्वारा विषाक्त सेवन की चर्चा कस्बा में खूब हुई।

## श्री रामलीला मैदान में किया रंगोत्सव का आयोजन

**हाथरस।** धर्म जागरण समन्वय राष्टीय स्वयं सेवक संघ हाथरस सासनी के बैनरतले श्री रामलीला मैदान सासनी में रंगोत्सव कार्रक्रम का आयोजन बडे ही धूमधामसे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्रक्रम के मुख्यातिथि अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज कथावाचक द्वारा भारत माता के छबिचित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पहार अर्पण के साथ हुआ।

मुख्यातिथि ने कहा कि धर्म जागरण समन्वय का मुख्य उद्देश्य धर्म की रक्षा करना है। और हिंदू धर्म की ऐसी चमत्कारिक परंपरायें हैं जिनका बखान नहीं किया जा सकता। उन्होंने बृज के गांव फालैन के पंडा द्वारा होली की धधकती आग में होकर निकलने जैसी कथाओं के बारे में बताया। साथ ही भक्त प्रहलाद की कथा का रोचक वर्णन किया। उसके बाद रंगोत्सव कार्रक्रम किया गया। जिसमें एक दूसरे को रंग अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। इस दौरान अनिल शर्मा, ध्रुव शर्मा, खगेन्द्र शास्त्री, प्रवीण कुमार, अर्चित गौतम, डा. विनय सिंह, मुरारीलाल शर्मा मधुर, विद्याभूषण गर्ग, अविनाश तिवारी, भूपेन्द्र शर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेन्द्र जैन, आदि राष्टीय स्वयं सेवक संघ के लोग मौजूद थे।

## लखनऊ के काकोरी में हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में 14 मार्च को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला कठिंगरा गांव निवासी केशन की हत्या से जुड़ा है, जिसमें आरोपियों ने शराब पीने को लेकर हुए विवाद में उसे पुलिया से धक्का देकर गिरा दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई।मृतक के भाई राजेंद्र कुमार की तहरीर पर थाना काकोरी में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें तीन लोगों को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की और संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया। जांच में टेक्निकल और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को दो अभियुक्तों का सुराग मिला। इसके बाद 16 मार्च को आउटर रिंग रोड स्थित बबुरिया खेड़ा अंडरपास के पास से राकेश और सुशील नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी कठिंगरा गांव के निवासी हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। सुशील और राकेश के खिलाफ साल 2019 में काकोरी थाना क्षेत्र में मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था, जबकि राकेश पर 2021 में भी एक अन्य मामला दर्ज किया गया था।इस कार्रवाई में थाना काकोरी पुलिस की टीम सक्रिय रही, जिसमें अति.नि. कमलेश कुमार, उ.नि. मनीष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल विवेक कुमार शामिल थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है और तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# भाजपा नेताओं ने आयोजित किए होली मिलन समारोह, सनातन धर्म की विरासत को बचाने का किया आह्वान





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं आगरा फिरोजाबाद सीट से एमएलसी विधायक विजय शिवहरे ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपने-अपने आवास पर भव्य होली मंगल मिलन समारोह आयोजित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने पहुंचे पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं एमएलसी विधायक विजय शिवहरे ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया और सनातन धर्म की विरासत को बचाने का संकल्प लिया। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने मार्गदर्शनीय उद्बोधन में कहा कि होली देश के बहुसंख्यक समाज का एक प्रमुख पर्व है। यह पर्व हमें पारस्परिक मतभेदों और वैमनस्यता को भुलाकर सामाजिक समरसता और बंधुत्व की भावना को मजबूत बनाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि देश विभाजन के बाद से ही राष्ट्रविरोधी ताकतें भारत भूमि को गजवा ए हिन्द बनाने का सपना देख रहे हैं। लव जेहाद, जनसंख्या जेहाद, भू जेहाद और कारोबार जेहाद के माध्यम से जेहादी कुछ छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों के संरक्षण में निरंतर सनातन धर्म की विरासत को मिटाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। सनातन धर्म की विरासत को बचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आव्हान पर धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का अभियान चला रहे हैं, जो बेहद सराहनीय है। वहीं एमएलसी विधायक विजय शिवहरे ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व का हमारे जीवन में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। हमें हमारी सनातन धर्म की विरासत को बचाने के लिए पुनः गुरुकुल परंपरा और संस्कृत भाषा की ओर लौटना होगा। उन्होंने कहा कि अखंड भारत सनातन राष्ट्र का निर्माण राष्ट्रवादी विचारधारा को आत्मसात किए बिना संभव नहीं है। उन्होंने स्वधर्म, स्वभाषा, स्वराष्ट्र, स्वसाहित्य और स्वरक्षा के लिए सनातन धर्म के अनुयायियों से भाजपा का दामन थामने का आह्वान किया। उन्होंने इतिहास को जागते हुए वीर बंदा बैरागी, छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप सहित विभिन्न हिन्दू वीरों की वीर गाथा का उल्लेख करते हुए हिन्दू जनमानस से मुगल और ब्रिटिश आक्रांताओं को छोड़कर सनातन धर्म की रक्षा का प्रण लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर दैनिक सांध्य पहल समाचार पत्र के स्थानीय संपादक सन्तोष शर्मा, सिटी इंचार्ज चौधरी महीपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी शर्मा, शिवकुमार राजौरा, राकेश राजौरा, अनुराग शर्मा, स्मार्टी सौनी, पंकज माहौर, सूरज आसीवाल, जितेन्द्र जयसवाल, राजीव माहौर, भोले बाबा, विवेक राजौरा, मुकेश सिंह, शोभा आसीवाल आदि अनेकों राष्ट्रभक्त मौजूद थे।

# 7 साल की बच्ची से अमन ने किया रेप, गुस्साई भीड़ ने मस्जिद पर बोला धावा, बुल्डोजर चलाने की मांग की

## आरोपी पूर्व में भी दुष्कर्म के मामले में जा चुका है जेल, गुस्साए लोगों ने मस्जिद में किया जय श्री राम का जयघोष

सांध्य पहल संवाददाता



**सादाबाद।** 7 साल की बच्ची से रेप के बाद गुस्साए लोगों ने मस्जिद पर धावा बोल दिया। भीड़ मस्जिद का मेन गेट तोड़ते हुए अंदर घुसी। चारपाइयों और अन्य सामानों को तोड़ दिया। नमाज पढ़ने के लिए बिछाई गई चटाइयों को तितर-बितर कर दिया। मस्जिद के अंदर जय श्रीराम के नारे लगाए। भीड़ का गुस्सा देखकर बच्चों को पढ़ा रहा इमाम-मुफ्ती जान बचाकर भागा और खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने स्थानीय बाजार को भी बंद करा दिया। शनिवार रात को एक मुस्लिम युवक ने बच्ची से रेप किया था। करीब 200 की संख्या में स्थानीय लोग उग्र हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू चौधरी और एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग बाजार में ही धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाकर उसे सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। घटना रविवार सुबह करीब 10.45 बजे की बिसावर के मस्जिद चांद तारा की है। घटना सादाबाद तहसील के ग्रम पंचायत बिसावर की है। शनिवार रात बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच पड़ोसी गांव का रहने वाला अमन (19) पुत्र चांद खान नशे की हालत में आया। बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया। आरोपी ने बच्ची के घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक पोखर के किनारे उससे रेप किया। इसी बीच बच्ची के साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बच्ची की तलाश शुरू की। रात करीब 11 बजे पोखर के पास बदहवास हालत में बच्ची मिली। उसके कपड़े फटे हुए थे और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। बच्ची ने परिजनों को आपबीती बताई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं परिजनों की शिकायत पर शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपी अमन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। घटना का पता चलते ही गांव के लोग उग्र हो गए। करीब 200 की संख्या में मस्जिद चांद तारा बिसावर पर हमला बोल दिया। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि बच्ची से रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बच्ची को अलीगढ़ रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोपी के अलग धर्म के होने के कारण लोगों ने मस्जिद को घेरा था। गुस्साए लोगों को शांत करा दिया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मस्जिद के बाद फोर्स तैनात की गई है। 2018 में भी रेप आरोप में पकड़ा गया था पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची का पिता ई-रिक्शा चलाता है। वहीं आरोपी अमन आवारा प्रवृत्ति का है और अक्सर नशे की हालत में घूमता रहता है। अमन को वर्ष 2018 में भी एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया था। पर उस वक्त वह नाबालिग था, इसलिए बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। कुछ समय पहले ही आरोपी बाल सुधार गृह से बाहर आया था।

# सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है होली का त्योहार : डा. शंकरनाथ योगी



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूज्य सिंधी जनरल पंचायत एवं सिंधी युवा मंच शाहगंज शाखा के पदाधिकारियों ने हरिओम समिति के तत्वावधान में श्री कृष्ण गौशाला शाहगंज पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। आयोजन में संत श्री गुरुमुख दास उदासीन और दीपक उदासीन ने सुखमनी पाठ साहब का आयोजन किया। उन्होंने मधुर मधुर भजन प्रस्तुत किए। आयोजन के मुख्य अतिथि रहे श्री सोमनाथ धाम के मठाधीश डा. शंकरनाथ योगी जी ने सनातन धर्मियों को होली पर्व का सरलार्थ बताया। उन्होंने सनातन धर्म में होली पर्व का बड़ा महत्व बताते हुए कहा कि होली एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता के संदेश के साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। उन्होंने होली पर्व को विविधता और सुंदरता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर योगी जहाजनाथ, वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत भोजवानी, भोजराज लालवानी, लालचंद मोटवानी, तुलजाराम मोतीराम, लक्ष्मण कल्याणी, नरेश लखवानी, मनीष हरजानी, शंकर लाल, विजय भाटिया, दौलतराम, प्रकाश दरयानी, अर्जुनदास, सुरेश वरयानी, हीरालाल, नीरज मायानी, पंकज फूलवानी दौलतराम, जीवतराम, पूजा भोजवानी मुस्कान, किरण वरियानी नेहा कशिश सीमा, मानसी, दीक्षा, रश्मि मंगलानी, दिव्या मायानी, संगीता, खुशी, अनिल लखयानी आदि मौजूद रहे।

# नाले में गिरा बच्चा: गेंद निकालते समय हुआ हादसा, एक घंटे बाद निकाला गया, तब तक हो गई मौत





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना शाहगंज क्षेत्र के सराय ख्वाजा के सोना की पुलिया के पास नाले से गेंद निकालते समय बच्चा गिर गया। लोग उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वो नाले में समा गया। काफी देर की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि सराय ख्वाजा के सोना पुलिया के पास 11 साल का अजहरुद्दीन अपने दोस्तों के साथ सुबह 7~30 बजे क्रिकेट खेल रहा था। खेलते समय गेंद पास के नाले में चली गई। अजहरुद्दीन गेंद निकालने पहुंचे। गेंद निकालते समय उसका पैर फिसल गया। वो नाले में गिर पड़ा। नाला करीब 6 फीट गहरा बताया गया है। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग उसे बचाने को दौड़े। लोगों ने बताया कि बच्चे ने दो बार बाहर निकलने का प्रयास भी किया, लेकिन वो निकल नहीं पाया। वो नाले के पानी में डूब गया।

**नगर निगम की टीम ने किया रेस्क्यू**

बच्चे के नाले में गिरने की सूचना पर लोगों की भीड़ लग गई। सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस, नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीम भी आ गई। नगर निगम के कर्मचारियों ने नाले में उतरकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे बाद बच्चे को नाले से बाहर निकाला गया। उसे डाक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रशांत को जिला और राजकुमार को महानगर की कमान

## आगरा में भाजपा ने घोषित किए जिला और महानगर अध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर दिन भर रही गहमागहमी

सांध्य पहल संवाददाता



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनियां



नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता

**आगरा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने आगरा के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। प्रशांत पौनिया को आगरा का नया जिलाध्यक्ष व राजकुमार गुप्ता को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों संगठन में विभिन्न दायित्वों को निभा चुके हैं। जयपुर हाउस स्थित ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर नवनियुक्त जिला व महानगर अध्यक्ष की घोषणा की गई। इसके साथ ही बाकी दावेदारों के हाथ निराशा लगी। भारतीय जनता पार्टी ने आगरा के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। प्रशांत पौनिया को आगरा का नया जिलाध्यक्ष व राजकुमार गुप्ता को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों संगठन में विभिन्न दायित्वों को निभा चुके हैं। जयपुर हाउस स्थित ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर नवनियुक्त जिला व महानगर अध्यक्ष की घोषणा की गई। इसके साथ ही बाकी दावेदारों के हाथ निराशा लगी।

**काफी गहमागहमी रही**

जिला और महानगर अध्यक्ष के नाम की घोषणा के समय पार्टी कार्यालय पर काफी गहमागहमी रही। कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ मौजूद थी। कार्यकर्ता अपने नये अध्यक्षों के नाम जानने के लिए इतने उतावले थे कि उन्होंने किसी भी नेता का भाषण नहीं होने दिया। मजबूरन नेताओं को भी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान कर दोनों अध्यक्षों के नामों की घोषणा करनी पड़ी। भाजपा ने आगरा जिले को संगठन के लिहाज से दो जिलों में बांट रखा है। आगरा महानगर और आगरा जिला। महानगर जिला इकाई में शहर के तीनों विधान सभा क्षेत्रों के अलावा एत्मादपुर विधान सभा क्षेत्र आता है जबकि आगरा जिला इकाई में आगरा देहात, फतेहपुर सीकरी, खेरागढ़, फतेहाबाद और बाह विधान सभा क्षेत्र आते हैं।

**समर्थकों ने कंधों पर बैठाया**

नामों की घोषणा के समय पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौजूद थे। सबसे पहले महानगर के चुनाव अधिकारी मोहित बेनीवाल ने महानगर अध्यक्ष के रूप में जैसे ही राज कुमार गुप्ता के नाम की घोषणा की तो समर्थकों ने राज कुमार गुप्ता को कंधों पर उठा लिया। हर कोई उन्हें बधाई दे रहा था। समर्थकों ने उन्हें पगड़ी पहनाई तथा फूल मालाओं से जोशीला अभिनंदन किया। कंधों पर उठाकर ही समर्थक उन्हें पार्टी कार्यालय के अंदर से बाहर तक लाए।

**घोषणा के समय पौनिया मौजूद नहीं थे**

भाजपा के नये जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया को जिस समय जिलाध्यक्ष बनाने की घोषणा हुई, वे वहां पर मौजूद नहीं थे। वे थोड़ी देर बाद वहां पहुंचे। उनके साथ आई समर्थकों की भारी भीड़ ने एक साथ भाजपा कार्यालय में घुसने की कोशिश की, जिससे भाजपा कार्यालय के गेट पर लगा शीशा टूट गया। जिलाध्यक्ष के रूप में प्रशांत पौनिया के नाम की घोषणा जिले के चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने की।

**ये थे मौजूद** अध्यक्षों के नामों की घोषणा के समय यूपी सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजूर भदौरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गिर्रज सिंह कुशवाह और निवर्तमान महानगर अध्यक्ष भानु महाजन समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**83 ने की थी दावेदारी**


आगरा से कुल 83 लोगों ने दावेदारी की थी। इनमें महानगर अध्यक्ष पद के लिए 38 और जिलाध्यक्ष पद के लिए 45 लोगों ने ताल ठोकी थी। महानगर अध्यक्ष पद के लिए एक भी महिला मैदान में नहीं थी जबकि जिलाध्यक्ष पद के लिए दो महिलाओं ने अपना नाम दिया था। 20 जनवरी तक इनके नाम का एलान किया जाना था लेकिन मामला अटक गया। लंबी जद्दोजहद के बाद अब वह दिन आ गया है जब भाजपा नेतृत्व नए जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नामों से पर्दा उठ गया।

# रेलवे ने अतिक्रमण घोषित किया आगरा का अंबेडकर भवनः बौखलाया दलित समाज

## मायावती ने ट्वीट कर कार्रवाई रोकने की मांग की चंद्रशेखर रावण ने रेलमंत्री को लिखा पत्र



सांध्य पहल संवाददाता


उत्तर मध्य रेलवे
पत्रांक : CI/3 नोटिस
कार्यालय
सीनियर सेक्शन इंजी० (कार्य) ईदगाह
उत्तर मध्य रेलवे, आगरा
दिनांक 11.03.2025
निकट फाटक संख्या 75 A
रेलवे लाइन के उत्तर की ओर बाराखम्बा
विषय :- रेलवे भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण के सम्बन्ध में।
इसे अति आवश्यक समझा जाये।
सीनियर सेक्शन इंजी० (कार्य) ईदगाह

**आगरा।** बाराखंबा स्थित अंबेडकर भवन को आगरा रेल मंडल ने अतिक्रमण घोषित कर दिया है। 15 दिन में इसे हटाने के लिए भवन की बाउंड्री पर नोटिस चस्पा कर दिया है। इसको लेकर दलित समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है। वहीं, बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार से इस कार्रवाई को रोकने की मांग की है। इधर, आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा के सांसद चंद्र शेखर ने रेल मंत्री को लिखकर इस पर आपत्ति जताई, साथ ही न्यायोचित समाधान करने की मांग की है।

**इन्होंने जारी किया नोटिस**

बता दें कि रेलवे के आगरा कार्यालय, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य), ईदगाह द्वारा पत्रांक~ सी1/3, दिनांक 11.03.2025 के माध्यम से अंबेडकर भवन (निकट फाटक संख्या 75, बाराखंबा, आगरा) को अतिक्रमण घोषित कर 15 दिन के भीतर हटाने का नोटिस जारी किया है। होली के मौके पर यह नोटिस जारी किया गया। इसलिए अधिकांश लोग इस पर ध्यान नहीं दे पाए। होली गुजरने के बाद रविवार को जब समाज के लोग अंबेडकर भवन पहुंचे तो बाउंड्री पर लगा नोटिस देखकर आक्रोश में आ गए। कुछ लोगों ने नोटिस को फाड़ दिया। लोगों का कहना है कि यह अंबेडकर सामुदायिक भवन है। इसमें दशकों से सामाजिक गतिविधियां संचालित होती आ रही है। इसको वे किसी कीमत पर टूटने नहीं देंगे। इसके लिए भले ही उन्हें आंदोलन करना पड़े। इधर, जानकारी होने पर रविवार सुबह बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी दो टवीट कर केंद्र सरकार से कार्रवाई को रोकने की मांग की है।

**मायावती का पहला ट्वीट**

यूपी के आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक के पास दशकों से समाज हित व जनकल्याण आदि गतिविधियों से जुड़े अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई से लोगों में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है तथा लोगों का यह भी कहना है कि क्या यही है सरकार का अंबेडकर प्रेम?

**मायावती दूसरा ट्वीट**

ऐसे में केंद्र सरकार से अनुरोध है कि आगरा के साथ साथ ऐसी और भी बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर विरोधी कार्रवाइयों को तत्काल संज्ञान ले और जरूर उचित कार्रवाई भी करे। उम्मीद है कि सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी।

**चंद्र शेखर ने लिख पत्र**

इधर, नगीना लोकसभा के सांसद व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर ने 14 मार्च को रेल मंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि यह भवन हजारों लोगों की आस्था, उनके अधिकारों और सामाजिक, सांस्कृतिक उत्थान का प्रतीक है। इसे हटाने से बहुजन समाज और वंचित समुदायों के बीच रोष उत्पन्न होगा तथा सरकार की समावेशी नीतियों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होगा। अत~ आपसे आग्रह है कि इस विषय में शीघ्र अविलंब हस्तक्षेप कर न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करें।

**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का ऐलान**

रेलवे के इस नोटिस के खिलाफ दलित समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है। रविवार सुबह समाज के कुछ लोग अंबेडकर भवन पहुंचे। उन्होंने इसके खिलाफ 19 मार्च को अंबेडकर भवन पर प्रदर्शन का एलान किया है। डा. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में पर्चे बांटे और अंबेडकर भवन चस्पा किए।

# बुजुर्गों का खास ख्याल रख रही डबल इंजन की सरकार

- आगरा में करीब 25 हजार बुजुर्गों का बना आयुष्मान कार्ड
- हार्ट, कैंसर सर्जरी से लेकर सामान्य बुखार से पीड़ित मरीजों को मिल रहा इलाज
- बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में आठवें स्थान पर आगरा
- सरकारी और निजी अस्पताल में लाभार्थियों का पांच लाख तक होगा मुफ्त उपचार

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** बुजुर्गों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जनपद में अभी तक करीब 25 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने में आगरा प्रदेश में आठवें स्थान पर है। आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि से बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। इससे हार्ट सर्जरी, कैंसर सर्जरी से लेकर सामान्य बुखार से पीड़ित मरीजों के भर्ती होने पर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। एक परिवार को एक वर्ष में पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि आगरा जनपद में आयुष्मान योजना के 2,05,152 लाभार्थी परिवार है। अभी तक 8,70,632 लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए हैं। इनमें से करीब 25 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 70 से अधिक आयु के बुजुर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही उन्हें निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज भी मिल रहा है। बुजुर्गों की हार्ट सर्जरी सहित अन्य सर्जरी की जा रही है। अब तक जनपद में 01,19,752 लाभार्थियों ने आयुष्मान योजना से इलाज कराया है। आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी सहित 23 सरकारी अस्पताल सहित जनपद के 68 निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से अनुबंधित है। जिनमें आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में आगरा प्रदेश में आठवें स्थान पर है। जनपद में 8,91,011 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष्मान योजना के प्रभारी डॉ. नंदन सिंह ने बताया कि 2011 की आर्थिक जनगणना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, इन सभी का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज है। आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर और खुद भी पता कर सकते है। इसके बाद श्रमिकों को लाभार्थी की श्रेणी में शामिल किया गया। 06 से अधिक सदस्य वाले राशन कार्ड धारक परिवारों को लाभार्थी की सूची में शामिल किया गया है। राशन कार्ड 2019 से पहले का बना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 70 से अधिक आयु के बुजुर्ग भी वेबसाइट https://beneficiary.nha.gov.in पर जाकर अपने मोबाइल नंबर और आधार कार्ड से लॉग इन करें। इसके बाद क्रमवार जानकारी दर्ज करें, आयुष्मान के लाभार्थी है, तो ब्योरा दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड भी बन जाएगा। योजना से अनुबंधित अस्पतालों में कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# होली पर युवक की हत्या : पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप, जंगल में फंदे पर लटकाया शव

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** होली पर आगरा में एक युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव यमुना किनारे जंगल में फंदे पर लटका मिला। घरवाले हत्या की वजह पुरानी रंजिश बता रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के गुलाब नगर, तेज नगर कालोनी निवासी 27 साल का प्रेम यादव हलवाई का काम करता था। होली के दिन दोपहर करीब तीन बजे प्रेम गोकुल नगर में रहने वाली अपनी बुआ के घर गया। देर शाम तक जब प्रेम घर नहीं आया तो घरवालों को उसकी चिंता हुई। उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच गोकुल नगर के पास यमुना किनारे जंगल में पेड़ पर एक लाश लटकी हुई मिली। लाश का हल्ला मचने पर उनकी बुआ भी मौके पर पहुंच गई थी। शव देखते ही बुआ के होश उड़ गए। लाश प्रेम यादव की थी। गले में प्लास्टिक की पतली रस्सी का फंदा पड़ा हुआ था। इंस्पेक्टर एत्माद्दौला देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि प्रेम के भाई अनुज यादव ने हत्या की तहरीर दी थी। तहरीर में रिंकू बघेल, दीपक और सचिन को नामजद किया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मामला खुदकुशी का नहीं निकला है। इसलिए पुलिस भी इसे हत्या ही मानकर चल रही है।

**पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप**

परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रेम यादव की दीपक और सचिन से पुरानी रंजिश चल रही है। दोनों ने रिंकू बघेल की मदद से प्रेम को बुलाया होगा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्थिति साफ हो जाएगी।

# रंग डालने पर हुआ पथराव पुलिस ने की कार्रवाई

**हाथरस।** कोतवाली सासनी क्षेत्र के गांव बिजाहरी के माजरा किशनगढी में होली खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि दोनों ओर से पथराव हुआ। मगर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई पुलिस ने पथराव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार होलिका दहन के बाद दूसरे दिन धुलेडी को लोग होली खेलने में मस्त थे। तभी गांव बिजाहरी के माजरा किशनगढी में होली खेलने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड गये। जिसमें जमकर वाकयुद्ध हुआ। फिर दोनों ओर से पथराव हुआ। जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। तभी इसकी सूचना पुलिस को हुई तो प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह मय फोर्स के गांव किशनगढी पहुंचे जहां पथराव कर रहे लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आए। वहीं पीड़ित पक्ष ने बताया कि जब उन्होंने होली खेलने से मना किया तो कुछ लोगों ने उनके घर पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और होली का माहौल खराब हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

